आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI
VIGILANCE DEPARTMENT

Office of the General Manager/Vig.
Modern Coach Factory, Lalganj,
Distt.-Raebareli,
Uttar Pradesh - 229120
Tele (Rly) : 039-61925
Fax (P&T) : 0535-2704381

Confidential

No. 2025/MCF/RBL/PC/QC-03 **Date: 25.07.2025**

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक (PCMM)
मॉडर्न कोच फैक्ट्री
रायबरेली

विषय: **संविदा कर्मियों की उपस्थिति पद्धति में एकरूपता हेतु प्रणाली सुधार के संबंध में।**

उपरोक्त विषय के सम्बंध में निवेदन है कि दिनांक 18.07.2025 को Dy.CMM/Fur/Depot एवं Dy.CMM/Shell Depot कार्यालयों में की गई निवारक जांच के दौरान यह अवलोकन में आया कि GEM अनुबंध संख्या GEMC-511687728830810 दिनांक 10.06.2024 के अंतर्गत कार्यरत M/s MIRAZ FACILITY MANAGEMENT SERVICES PRIVATE LIMITED के संविदा कर्मियों की उपस्थिति दर्ज करने की प्रणाली दोनों डिपो में भिन्न-भिन्न है।

- शेल डिपो में कर्मियों की उपस्थिति हस्ताक्षर द्वारा रजिस्टर में की जाती है।
- वहीं फर्निशिंग डिपो में उपस्थिति संबंधित सुपरवाइज़र द्वारा 'P'/'A' चिन्हित कर दर्ज की जाती है।

यह असमानता उपस्थिति की प्रमाणिकता एवं पारदर्शिता को प्रभावित कर सकती है। अतः यह अत्यंत आवश्यक है कि दोनों डिपो में उपस्थिति दर्ज करने की एकसमान और पारदर्शी प्रणाली अपनाई जाए।

अतः अनुशंसा की जाती है कि भंडार विभाग में उपस्थिति दर्ज करने के लिए हस्ताक्षर आधारित प्रणाली लागू की जाए, जिससे डाटा की सत्यता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जा सके।

उपरोक्त प्रणाली सुधार मुख्य सतर्कता अधिकारी (CVO) की स्वीकृति से अनुमोदित है।

25.07.25

Dy. CVO/MCF/RBL
For General Manager/Vig.